an>

Ttile: Need to construct overbridges on Banda Manikpur railway route in Uttar Pradesh -laid.

**श्री आर. के. सिंह पटेल (बांदा):** देश में तथा मेरे संसदीय क्षेत्र अन्तर्गत रेलवे द्वारा राजकीय राजमार्गों एवं ग्रामीण मार्गों पर रेल मंत्रालय द्वारा रेलवे क्रासिगों में अन्डर ग्राउंड मार्ग (पाताली पुलों) का निर्माण कराया गया है जिसमें बरसात के समय वर्षा का पानी भर जाने से आवागमन बाधित होता है तथा पानी भरने से वहां दुर्घटनाएं हो रही हैं। मेरे संसदीय क्षेत्र में बांदा से माणिकपुर के बीच रेलवे लाइन पर कई अन्डर पास हैं जहां इस समय बड़ी घटनायें घट रही हैं।

अतः मैं रेल मंत्री जी से मांग करता हूँ कि उपरोक्त रेल खण्ड पर उपरगामी पुल बनाये जाने हेतु आवश्यक निर्देश दें जो जनहित में अति आवश्यक हैं।